# अध्याय -2 | संरचना तथा भूआकृति विज्ञान

## Worksheet-1

Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

### बहुविकल्पी प्रश्न

**1. डोडाबेटा चोटी निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ी श्रृंखला में स्थित है?**

(अ) अनामलाई (ब) कार्डामिम
(स) नीलगिरी (द) नल्लामाला

**2. अंडमान और निकोबार को कौन-सा जल क्षेत्र अलग करता है?**

(अ) 11° चैनल (ब) मिजोरम
(स) मन्नार की खाड़ी (द) अंडमान सागर

**3. इनमें से कौन-सा मेघालय पठार का भाग नहीं है-**

(अ) जयन्तिया पहाड़ियाँ (ब) गारो पहाड़ियाँ
(स) कैमूर पहाड़ियाँ (द) खासी पहाड़ियाँ

**4. निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ी पश्चिमी घाट का भाग नहीं है?**

(अ) अन्नामलाई (ब) कार्डामम पहाड़ियाँ
(स) पालकोण्डा श्रेणी (द) नीलगिरी पहाड़ियाँ

**5. निम्न में से कौन-सी ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियाँ नहीं हैं?**

(अ) दिहांग (ब) कामेंग
(स) मोरहर (द) सुबनसरी

**6. प्रायद्वीपीय पठार की सबसे ऊँची चोटी है-**

(अ) अनाईमुडी (ब) जावदी
(स) महेंद्रगिरि (द) डोडाबेटा

**7. निम्न में से कौन सी नदी रिफ्ट घाटी में प्रवाहित होती है?**

(अ) बनास नदी (ब) गोदावरी नदी
(स) तापी नदी (द) चंबल नदी

**8. अरुणाचल हिमालय की जनजातियाँ निम्नलिखित में से कौन-सी नहीं हैं?**

(अ) अबोर, मिशमी (ब) निशी, नागा
(स) मीणा, मुंडा (द) मोनपा, डफ्फला

**9. बृहत हिमालय की घाटियों में स्थित घास के मैदानों को क्या कहते हैं?**

(अ) दून (ब) दुआर
(स) बुग्याल (द) द्वार

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**10. प्रायद्वीपीय खंड में मिलने वाली प्रमुख चट्टाने कौन सी हैं?**

(अ) संगमरमर (ब) सिलीमेनाइट

(ब) ग्रेनाइट व नाइस (द) स्लेट

## रिक्त स्थान

11. हिमालय पर्वत का निर्माण ______________ और ______________ प्लेटों के संयोग से हुआ।

12. दक्कन का पठार मुख्य रूप से ___________ चट्टानों से बना है।

## सत्य/असत्य

13. भारत के भू-आकृतिक विभाजन में पर्वतीय क्षेत्र को तीन भागों में बाँटा गया है।

14. हिमालय पर्वत का निर्माण प्लेट विवर्तनिकी क्रिया के कारण नहीं हुआ है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. उच्चावच, पर्वत श्रेणियों के संरेखण और दूसरी भूआकृतियों के आधार पर हिमालय को कितने उपखंडों में विभाजित किया जा सकता है?

16. भाभर और तराई में अंतर स्पष्ट करें।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. सिंधु-गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान कब और किस प्रकार निर्मित हुआ?

18. पश्चिमी हिमालय तथा पूर्वी हिमालय में अंतर स्पष्ट करें।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट में अंतर स्पष्ट करें।

20. भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शायें :-
मालवा का पठार, कोकण तट, गारो खासी की पहाड़ी, अरावली श्रेणी, काठियावाड़, अनामलाई की पहाड़ी, छोटा नागपुर का पठार, काराकोरम श्रेणी, पटकाई बूम पहाड़ी, कोरोमंडल तट, महेन्द्रगिरी पर्वत, तेलंगाना पठार, शिवालिक श्रेणी, सतपुड़ा श्रेणी।

## HOTS

21. यदि एक व्यक्ति को लक्षद्वीप जाना हो तो वह कौन-से तटीय मैदान से होकर जाएगा और क्यों?

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## उत्तरमाला

1. **(स)** नीलगिरि
2. **(द)** अंडमान सागर
3. **(स)**
   कैमूर (पर्वत) भारत की विध्य पर्वतश्रेणी का पूर्वी भाग जो मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के कटंगी के पास (23, 26, उ.अ. से 79, 48 पू. दे.) प्रारंभ होकर सर्वोतरी श्रेणी के रूप में रोहतासगढ क्षेत्र (24 57 उ. अ. से 84 2 पू. दे.) तक चली जाती है।
4. **(स)**
   पालकोंडा पहाड़ियाँ पश्चिमोत्तर से दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित हैं तथा पूर्वी घाट के मध्यवर्ती हिस्से का निर्माण करती हैं।
5. **(स)**
   सुवनश्री, तिस्ता, तोर्सा, लोहित, बराक आदि ब्रह्मपुत्र की उपनदियां हैं। ब्रह्मपुत्र के किनारे स्थित शहरों में डिब्रूगढ़, तेजपुर एंव गुवाहाटी प्रमुख हैं प्रायः भारतीय नदियों के नाम स्त्रीलिंग में होते हैं पर ब्रह्मपुत्र एक अपवाद है।
6. **(अ)**
   नीलगिरी पर्वत श्रृंखला में ही अन्नामलाई पर्वत श्रृंखला भी स्थित है। जिसकी सबसे उंची चोटी अनाइमुडी है।
7. **(स)**
   तापी नदी के अतिरिक्त नर्मदा और महानदी भी रिफ्ट घाटी में प्रवाहित होने वाली नदियां है।
8. **(स)**
   63% अरुणाचल वासी 19 प्रमुख जनजातियों और 85 अन्य जनजातियों से संबद्ध हैं। इनमें से अधिकांश या तो तिब्बती-बर्मी या ताई-बर्मी मूल के हैं। बाकी 35% जनसंख्या आप्रवासियों की है, जिनमें 31000 बंगाली, बोडो, हजोन्ग, बांग्लादेश से आये चकमा शरणार्थी और पड़ोसी असम, नागालैंड और भारत के अन्य भागों से आये प्रवासी शामिल हैं। सबसे बड़ी जनजातियों मे आदि, गालो, निशि, खम्ति, मोंपा और अपातनी प्रमुख हैं।
9. **(स)**
   बृहत हिमालय की घाटियों में स्थित घास के मैदानों को बुग्याल कहा जाता है।
10. **(स)**
    प्रायद्वीपीय खंड में ग्रेनाइट व नाइस मिलने वाली मुख्य चट्टाने है।
11. भारतीय, यूरेशियन
12. आग्नेय
13. असत्य
14. सत्य
15. उच्चावच, पर्वत श्रेणियों के संरेखण और दूसरी भू-आकृतियों के आधार पर हिमालय को निम्नलिखित उपखंडों में विभाजित किया जा सकता है-
    i. कश्मीर या उत्तरी-पश्चिमी हिमालय
    ii. हिमाचल और उत्तरांचल हिमालय
    iii. दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय
    iv. अरुणाचल हिमालय
    v. पूर्वी पहाड़ियाँ और पर्वत

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**16. भाभर और तराई में निम्नलिखित अंतर है :**

| भाभर | तराई |
|---|---|
| भाभर निम्न हिमालय और शिवालिक की पहाड़ियों के दक्षिणी ओर बसा एक क्षेत्र है। जहाँ पर जलोढ़ ग्रेड हिन्द-गंगा क्षेत्र के मैदानों में विलीन हो जाती है। | तराई क्षेत्र भारत, नेपाल एवं भूटान में स्थित हिमालय के आधार के दक्षिण में स्थित क्षेत्रों को कहते हैं। यह क्षेत्र पश्चिम में यमुना नदी से लेकर पूरब में ब्रह्मपुत्र नदी तक फैला हुआ है। |
| भाभर क्षेत्र में नदियाँविलीन हो जाती हैं। | तराई क्षेत्र में भाभर में विलीन नदियाँ पुनः धरातल पर आ जाती हैं। |

**17.** हिमालय पर्वत की उत्पत्ति के पश्चात उसके दक्षिण तथा प्राचीन शैलों से निर्मित प्रायद्वीपीय पठार के उत्तर में, दोनो उच्च स्थलों से निकलने वाली नदियों सिंधु गंगा ब्रह्मपुत्र आदि द्वारा जमा की गई जलोढ़ मिट्टि के जमाव से उत्तर के विशाल मैदान का निर्माण हुआ है। यह मैदान धनुषाकार रूप में 3200 किलोमीटर की लम्बाई में भारत के 7.5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर विस्तृत है। मूलतः यह एक भू-अभिनति गर्त है जिसका निर्माण मुख्य रूप से हिमालय पर्वतमाला निर्माण प्रक्रिया के तीसरे चरण में लगभग 6-4 करोड़ वर्ष पहले हुआ था।

**18. पश्चिमी हिमालय तथा पूर्वी हिमालय में निम्नलिखित अंतर है:**


| पश्चिमी हिमालय | पूर्वी हिमालय |
|---|---|
| इसका पश्चिमार्द्ध- जो कश्मीर घाटी से लेकर उत्तर प्रदेश के उत्तराखण्ड क्षेत्र तक फैला है- सिंधु नदी, इसकी पाँचों सहायक नदियों और गंगा का उद्गम स्थल है। | भारत के पूर्वी हिमालय क्षेत्र में सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग जिला आता है। |
| पश्चिमी हिमालय 80° पूर्वी देशांतर के पश्चिम में सिंधु नदी से काली नदी तक विस्तृत है। | पूर्वी हिमालय 88° पूर्वी देशांतर के पूर्व में तिस्ता नदी से ब्रह्मपुत्र नदी तक विस्तृत है। |
| पश्चिमी हिमालय में औसत वार्षिक वर्षा कम होती है। | पूर्वी हिमालय में औसत वार्षिक वर्षा अधिक होती है। |
| पश्चिमी हिमालय में पाए जाने वाले प्रमुख दर्रे जोजीला, बारालाचाला, शिपकीला, बानिहाल, फोटुला, खर्दुंगला है। | पूर्वी हिमालय में पाए जाने वाले प्रमुख दर्रे जेल्पला, बोमडीला, बूमला है। |

**19.** पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट में निम्नलिखित अंतर है :-

| पश्चिमी घाट | पूर्वी घाट |
|---|---|
| पश्चिमी घाट के अंतर्गत पहाड़ियाँ सहयाद्रि, इलायची, अनामलाई, नीलगिरी आदि है। | पूर्वी घाट के अंतर्गत पहाड़ियाँ पालकोण्डा, नल्लामाला, महेंद्रगिरी, जावादी आदि हैं। |
| पश्चिमी घाट लगातार फैला हुआ है। | पूर्वी घाट लगातार फैला हुआ नहीं है। |
| इसकी औसत ऊँचाई 900 से 1100 मीटर है। | इसकी औसत ऊँचाई 600 मीटर है। |
| यह दीवार की भाँति खड़ा है, जिसे भोर घाट, पाल घाट और थाल घाट के माध्यम से पार किया जा सकता है। | बड़ी-बड़ी नदियों ने इसमें से अपने लिए मार्ग बना लिए हैं और इसे कई भागों में बाँट दिया है। |
| पश्चिमी घाट पूर्वी घाट से अधिक निरंतर हैं। | पूर्वी घाटों को बंगाल की खाड़ी का सामना करना पड़ता है। |

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें जैसे चाहें
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**20.**




**21.** लक्षद्वीप अरब सागर में स्थित है। यह केरल तट से 280 किलोमीटर से 480 किलोमीटर दूर स्थित है। केरल तट मालाबार तट का भाग है। अतः मालाबार तट से इसकी दूरी सबसे कम 280 किलोमीटर है। इससे स्प ष्ट होता है की मालाबार तट के मैदानी भाग से होकर हम लक्षद्वीप कम समय में पहुँच जाएँगे।

ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES